तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 6 जनवरी 2026



पूर्वांचल विकास समिति से जुड़े लोग जनसेवा को प्राथमिकता देते आए हैं : लखनलाल

2



## खबर संक्षेप

### बिर्रा में डीडब्ल्यू एम क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा में पुलिस थाना के सामने खेल मैदान में डी डब्ल्यू एम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 जनवरी मंगलवार को शुभारंभ किया जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 501 रूपये प्रवेश शुल्क रखा गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए एवं ट्रॉफी ,द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए में ट्रॉफी और तृतीय पुरस्कार 2501 रुपए एवं ट्रॉफी पुरस्कार दिया जाएगा। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक ढीमर मोहल्ला बिर्रा के सदस्यों द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### घिवरा में भव्य नागलीला मेला महोत्सव 6 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत जगत जननी आदिशक्ति माता मातेश्वरी डोकरी दाई की पावन धरा ग्राम पंचायत घिवरा में परंपरा और आस्था का प्रतीक 5 दिवसीय भव्य नाग लीला एवं मेला महोत्सव का आयोजन 6 जनवरी से 10 जनवरी तक किया जाएगा। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। इसके साथ ही प्रतिदिन रात्रि में 8:00 बजे से 11:00 बजे तक कृष्ण लीला का आयोजन भी किया जाएगा। नाग लीला मेला महोत्सव के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, नाग देवता की लीला, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जय हनुमान राम लीला मंडली समिति द्वारा संचालित एवं ग्रामीणों द्वारा मंच, पंडाल, सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर नाग लीला का आनंद और इस पारंपरिक महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श चिकित्सा शिविर 11 को

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सरकंडा पुलिस थाना के पास बहतराई रोड बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। जिसमें डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे ,डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रहेगी । इस निशुल्क शिविर में आसपास के मरीजों से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ लेने के लिए शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सात लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सात लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम खिसोरा का है। थाना बलौदा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी रामेश्वर प्रसाद खांडे के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 7 सौ रुपए बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### हाई स्कूल में छात्राओं को सिखाए सुरक्षा और आत्मरक्षा के गुर

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा अपनी रजत जयंती के पांचवें दिन एक महत्वपूर्ण जन जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्राम सिवनी स्थित हाई स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करना और युवाओं को आधुनिक अपराधों के प्रति सचेत करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित योगिताबाली खापर्डे ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच पहुंचकर उन्हें सुरक्षा संबंधी बारीकियों से अवगत कराया।

### बोरियों में सड़ा धान और भूसा भरने को लेकर उठे सवाल

# संग्रहण केन्द्र में सरकारी धान की दुर्गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-अकलतरा





संग्रहण केन्द्र में सडा हुआ धान और बोरियों में भरा भूसा

शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की किस तरह से बर्बादी होती है, इसका उदाहरण देखना है तो अमरताल संग्रहण केन्द्र चले आइए। यहां पिछले साल खरीदे गए हजारों क्विंटल धान को रखा गया था। जिसमें बड़ी मात्रा में धान खराब हो गए है। बताया जाता है कि कमी आने पर अब सड़े हुए धान और भूसा को बोरियों में भरने का काम भी हो रहा है। जिसको लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे है।

गौरतलब है कि पिछले साल शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की गई धान खरीदी के दौरान उपार्जन केन्द्रों से अतिरिक्त धान को संग्रहण केन्द्र में रखवाया गया था। इस दौरान जिले के अमरताल संग्रहण केन्द्र में भी बड़ी मात्रा में धान का भंडारण हुआ था। बताया जाता है कि भंडारण के बाद जिम्मेदार अधिकारियों व मैदानी अमले की लापरवाही और मनमानी के चलते कैप कव्हर में रखे गए धान बड़ी मात्रा में खराब हुए। इसके अलावा सूत्रों की माने तो व्यापक पैमाने पर धान की चोरी भी यहां से हुई। इन सबके बाद भंडारण में हो रही शार्टेज को देखते हुए अब सड़े हुए धान को बोरियों में भरकर खामियां छिपाने का खेल हो रहा है। बताया जाता है कि इस मामले में यदि निष्पक्ष जांच कर दी जाए तो बड़ी गड़बड़ी उजागर हो सकती है।

### विधायक ने धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण, व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल



**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने धान संग्रहण केंद्र अमरताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं और किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। विधायक श्री सिंह ने कहा कि सरकार और प्रशासन का रवैया बेहद अजीब है। किसानों का धान जब्त कर उसे "अवैध" बताया जा रहा है और जांच के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों को संदेह की नजर से देखा जा रहा है, जबकि संग्रहण केंद्रों में खुलेआम हो रहे भ्रष्टाचार पर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों क्विंटल से अधिक धान अवैध रूप से बेचा जा चुका है। उसकी भरपाई के लिए सड़ा हुआ धान और भुंसा बोरियों में भरकर खानापूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में सोसायटियों के धान के वजन को कम बताकर पूर्ति करने की भी योजना बनाई जा रही है। विधायक ने यह भी कहा कि मिलरों के डीओ पहले ही काटे जा चुके हैं और धान के एवज में किसानों को सीधे पैसा ऑफर किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बावजूद किसान के धान को ही अवैध ठहराया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अंत में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने सरकार एवं जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की कि किसानों को परेशान करना तुरंत बंद किया जाए तथा दोषी अधिकारियों और संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता और किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# नशे में धुत कार चालक ने ली एक की जान, दूसरा गंभीर

### गैर इरादतन हत्या के आरोप में पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

शराब के नशे में जान बूझकर एक्सीडेंट करने वाले वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। उस पर गैर इरादतन का मामला दर्ज किया गया है। घटना में पैदल चल रहे एक की मौत हो गइर। वहीं आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सिटी कोतवाली जांजगीर के केरा रोड की है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली जांजगीर से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 4 जनवरी की रात्रि 8 बजे भाटापारा केरा रोड कब्रिस्तान के सामने आम रोड में ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 29 एफ 3765 के चालक अमन गोयल के द्वारा शराब के नशे में धूत होकर अपने उक्त कार को शहर के बीचो-बीच नया बस स्टैंड जांजगीर की ओर से कचहरी चौक जांजगीर की ओर अत्यधिक स्पीड में चला रहा था। अत्याधिक शराब का सेवन करने के बावजूद अमन द्वारा वाहन को तेज गति से चल रहा था। इस दौरान रोड में अपनी साइड में पैदल चल रहे नारायण सोनवान को ठोकर मार दी। इतना ही नहीं कुछ दूरी पर अपनी साइड पर चल रहे ऑटो को भी ठोकर मारी। जिस ऑटो चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान पैदल यात्री का मौत हो गई। सूचना मिलने पर आरोपी कार चालक को पुलिस टीम के द्वारा पकड़ा गया तथा आरोपी का डॉक्टरी मुलाहिजा करने पर रिपोर्ट में आरोपी चालक अमन गोयल के द्वारा अत्यधिक शराब के नशे में होना पाया गया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय द्वारा कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश गिरफ्तार आरोपी अमन गोयल पिता धनकृष्णो गोयल उम्र 27 वर्ष निवासी एम 88 ओल्ड माइंस भटगांव जिला सूरजपुर को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक योगिता खापरडे को दिए गए। जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए। जिस पर तत्काल पुलिस टीम के द्वारा आरोपी अमन गोयल के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या के तहत थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी अमन गोयल के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार तथा कार में रखें शराब की बोतल एवं अन्य सामग्री जप्त किया गया। आरोपी अमन गोयल से पूछताछ करने पर आरोपी ने शराब के नशे में जानबूझकर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी कोतवाली, सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक प्रकाश चंद्र राठौर, राकेश राठौर, आरक्षक विनोद राठौर, नितीश विश्वकर्मा का योगदान रहा।

# नए साल में पुलिस ने की कार्रवाई, पांच आरोपियों से वाहन समेत 23 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नए साल में पांच दिनों के भीतर तीन अलग अलग मामलों में पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से 23 किलो गांजा जब्त किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नव वर्ष में 5 दिवस के अंदर 3 अलग अलग मामलों में 23 गांजा की जब्ती बनाई गई है। कुल जुमला 10 लाख 73 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले अवैध गांजा व शराब बिक्री करने के मामले में अंकुश लगाने के लिए जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में तथा चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा 5 जनवरी को मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी चंद्रशेखर साहू निवासी सलखंड थाना बसना जिला महासमुंद (आरक्षक) एवं सहयोग करने वाले एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा जिसके कब्जे से 15 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया जाकर मुख्य आरोपी आरक्षक को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं प्रकरण में शामिल विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। इसी प्रकार पूर्व में नववर्ष के प्रथम दिवस पर शिवरीनारायण पुल चौक मेनरोड के पास आरोपी संजय कश्यप एवं रघुनंदन रोहिदास के कब्जे से 2 किलो 20 ग्राम बरामद किया गया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।। सायबर टीम जांजगीर द्वारा

# लकड़ी के गोले से टकराकर बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम कुरियारी और कटौद के बीच बाइक सवार युवक की वाहन अनियंत्रित होकर लकड़ी के गोले से टकरा गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**खास बात**

- शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम कुरियारी के पास हुआ हादसा



हादसे के बाद मृत पड़ा व्यक्ति।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार 4 जनवरी को ग्राम कुरियारी निवासी विशाल कोसरिया उम्र 23 साल अपने घर से गिरौदपुरी गया हुआ था। शाम करीब 7 बजे वह बाइक से वापस अपने गांव कुरियारी लौट रहा था। इसी दौरान कटौद और कुरियारी के बीच सड़क पर रखे लकड़ी के गोले से उसकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सहित विशाल नाले में जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात भर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। सोमवार 5 जनवरी की सुबह गांव के एक व्यक्ति ने कुरियारी के पास नाले में एक युवक के एक्सीडेंट में मृत पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां मृतक की पहचान विशाल कोसरिया के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल शिवरीनारायण पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जनवरी 2026 के शुरूआती दिनों से ही हादसों का दौर शुरू हो गया है। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के कुरियारी, बलौदा थाना क्षेत्र सहित अन्य जगहों जगहों पर हादसों के चलते लोगों की मौत का मामला सामने आ चुका है। हादसों के चलते जिला मुख्यालय जांजगीर में भी एक व्यक्ति की जान चली गई।

# शराब पीने के लिए मारपीट करने वाला दो आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




शराब पीने के लिए रुपए की मांग करते हुए मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुनुंद निवासी प्रार्थी हरीश गड़ेवाल ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 जनवरी की शाम करीबन 6 बजे नैला से अपने गांव जा रहा था कि गांव के आरोपी किशन चौरसिया तथा करण चौरसिया ने प्रार्थी की मोटर साइकिल को रोक कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर रहे थे। प्रार्थी के द्वारा मना करने पर अपने पास रखें हॉकी स्टिक और लकड़ी के डंडा से मारपीट किए हैं। रिपोर्ट पर तत्काल थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक योगिताबाली खापर्डे को दी गई। जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश प्राप्त हुए। जिस पर तत्काल एक टीम घटनास्थल की ओर रवाना किया गया तथा अलग - अलग स्थान से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से हॉकी स्टिक तथा लकड़ी का डंडा जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी कोतवाली, सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक प्रकाश चंद्र राठौर, राकेश राठौर, आरक्षक विनोद राठौर, नितीश विश्वकर्मा सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले डेढ़ दर्जन चालकों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शराब पीकर वाहन चलाने वाले डेढ़ दर्जन से अधिक चालकों पर कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया है। साथ ही साथ यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में 129 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया है।

ज्ञात हो कि सोमवार 5 जनवरी को ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध यातायात जांजगीर पुलिस की सख्त कार्रवाई करते हुए 17 शराबी वाहन चालकों को पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शराबी वाहन चालकों के खिलाफ धरपकड़ की विशेष अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जिले के अलग अलग जगहों में कैंप लगाकर शराबी वाहन चालकों को पकड़ा। चेकिंग के दौरान तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट के मोटर सायकल चलाने, ट्रिपलिंग सवारी बाइक में एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर इस प्रकार 129 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर समन शुल्क लिया गया। शराबी वाहन चालकों के वाहनों को जप्त कर उनके विरूद्ध धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। जिसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### सक्ती जिले में आईएनएच 24x7 के कैंलेडर 2026 का विमोचन

# निर्भीक पत्रकारिता के साथ आम आदमी की आवाज बन रहा 'आईएनएच'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



आईएनएच कैलेंडर का विमोचन करते अतिथि।

आईनएच 24×7 के नए साल 2026 के कैंलेडर का विमोचन सोमवार 5 जनवरी को विश्राम गृह सक्ती में हुआ। कार्यक्रम में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, सक्ती भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, सक्ती के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष द्रौपदी कीर्तन चन्द्रा बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

इस मौके पर अतिथियों ने आईएनएच की निर्भीक पत्रकारिता की सराहना करते हुए इसे आम आदमी की आवाज कहा। कार्यक्रम की शुरूआज अतिथि सत्कार के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने कैंलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि आईएनएच 2026 कैलेंडर का विमोचन एक सराहनीय पहल है। आईएनएच 24×7 अंतिम छोर के व्यक्ति की आवाज बनकर कार्य कर रहा है। कैलेंडर के माध्यम से तीज-त्योहारों की जानकारी भी मिलती है, जो जनहित में उपयोगी है। भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने कहा कि आईएनएच की निष्पक्षता इस मंच से समझी जा सकती है, जहां भाजपा और कांग्रेस, दोनों दलों के नेता एक साथ है। जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि आईएनएच कैलेंडर के माध्यम से तीज-त्योहारों की जानकारी मिलती है। आईएनएच की टीम गरीब तबके और अंतिम छोर के व्यक्ति की आवाज बनकर निष्पक्ष रूप से मुद्दों को उठाने का कार्य कर रही है, जो प्रशंसनीय है। सक्ती के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने कहा कि जिला मुख्यालय सक्ती में आईएनएच कैलेंडर का विमोचन होना गर्व की बात है। उन्होंने सक्ती के संवाददाता राजीव लोचन साहू एवं प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आईएनएच निरंतर प्रयासों से जनता के बीच एक मुखर और विश्वसनीय आवाज बनकर उभरा है।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला प्रवक्ता कीर्तन चन्द्रा, जिला विधायक प्रतिनिधि सुनील चन्द्रा, भाजपा जिला मंत्री लोकेश साहू, अरुण शर्मा, भाजपा कोषाध्यक्ष प्रमोद गवेल, जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा, धनंजय नामदेव एवं निखिल राठौर सहित अन्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सत्संग कर रही बुजुर्ग महिलाओं पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- हमले से घायल तीनों महिलाओं को अस्पताल में किया भर्ती

रविवार को एक युवक ने सत्संग कर रही बुजुर्ग महिलाओं पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले में तीन बुजुर्ग महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सामने आया है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ बुजुर्ग महिलाएं एक कमरे में बैठकर सत्संग कर रही थीं। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और बिना किसी विवाद या चेतावनी के महिलाओं पर डंडे से हमला करना शुरू कर दिया। हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और महिलाएं अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को पकड़ लिया। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हमले में घायल तीनों बुजुर्ग महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। प

## खबर संक्षेप



### कथक नृत्य स्पर्धा में समृद्धि ध्रुविका हुई पुरस्कृत

**कोरबा।** गौरव भारत सांस्कृतिक परिषद द्वारा भारत संस्कृति उत्सव के तहत ग्लोबल प्रतियोगिता और फेस्टिवल ऑफ इंडियन आर्ट एंड कल्चर का आयोजन किया गया। कथक बालकृष्ण एकल में ध्रुविका शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया तो समृद्धि को फ्यूचर टैलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। स्पर्धा पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 26 से 31 दिसंबर तक आयोजित हुआ। देश विदेश के प्रतिभागियों ने विभिन्न शास्त्रीय कला रूपों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों बालिकाएं केंद्रीय विद्यालय की छात्राएं है। दोनों की निरंतर प्रगति में माता सुचिता शर्मा और पिता प्रदीप शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### कलश यात्रा के साथ मां शाकंभरी पूजा का हुआ आयोजन



**हरदीबाजार।** बांधाखार में आयोजित माँ शाकम्भरी देवी जयंती के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों के साथ मिलकर मां शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना किया गया। श्रद्धालु मातृशक्ति, ग्रामीणजनों एवं क्षेत्रवासियों की आस्था, भक्ति और उत्साह रहा। पूरे क्षेत्र में कलश यात्रा के साथ माँ शाकम्भरी देवी की रैली निकाली गई। विधायक प्रेमचंद पटेल ने क्षेत्र में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों सहित सनातन परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक एकता शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### छात्राओं को सायकल का किया गया वितरण

**कोरबा।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय हाईस्कूल पोड़ीबहार की मेधावी छात्राओं को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सीएसआर मद से सायकल प्रदान किया। साइकिल वितरण का कार्यक्रम साडा स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य रणधीर सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव, चीफ मैनेजर अनिल कुमार ओझा एवं मैनेजर एचआर धीरेंद्र कुमार का स्वागत किया। इस अवसर पर छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसबीआई के रीजनल मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव ने कहा कि सीएसआर के तहत मेधावी छात्राओं को साइकिल प्रदान करने का उद्देश्य बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना है। इससे न केवल उनके आवागमन में लगने वाला समय बचेगा, बल्कि वे उस समय का बेहतर उपयोग पढ़ाई में कर सकेंगी। उन्होंने छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाने के महत्व को समझाया और साथ ही सड़क यातायात नियमों की जानकारी रखने की भी अपील की। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक को देश का अग्रणी बैंक बताते हुए कहा कि आय से अर्जित धन को सुरक्षित रखने का सबसे अच्छा माध्यम बैंक है। इसलिए स्कूली स्तर से ही बच्चों में बैंकिंग प्रणाली की समझ विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने देश की आर्थिक उन्नति में बैंकों की भूमिका और महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# निर्माण कार्यों की फोटो खींचकर भेजना होगा ग्राम पंचायतों को

## बकाया राशि वसूली के दायरे में आए 43 पंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में शासकीय योजनाओं के तहत स्वीकृत किए गए निर्माण कार्यों की जब समीक्षा की गई तब 43 ग्राम पंचायत ऐसे सामने आए जिनमें बकाया राशि के साथ निर्माण कार्य भी अधूरे थे। जिसे लेकर जनपद सीईओ के द्वारा जारी किए गए निर्देश के तहत अब पंचायतों को अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को शुरु करने के साथ उनकी फोटो भेजना अनिवार्य किया गया है उसके बाद ही अगली किश्त स्वीकृत की जाएगी।

बीते वर्ष पंचायत चुनाव के पहले निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की गई ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव ने संयुक्त रुप से राशि निकाल ली थी और निर्माण कार्य शुरु कर उन्हें अधूरा छोड़ दिया था। कुछ पंचायतों में निर्माण कार्य शुरु भी नहीं हुए थे और स्वीकृत राशि निकाल ली गई थी। जनपद सीईओ खगेश निर्मलकर ने ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे के तहत अधूरे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर जनपद पंचायत में सचिवों की बैठक लेकर जब समीक्षा की तब यह जानकारी सामने आयी कि 43 ग्राम पंचायत ऐसे हैं जहां निर्माण कार्य अधूरे हैं या शुरु ही नहीं हुए हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए जनपद सीईओ श्री निमर्लकर ने पंचायत सरपंच एवं सचिव को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य शुरु करने और कार्य की तात्कालीक फोटो भेजने के निर्देश दिए। फलस्वरुप अधूरे पड़े कार्य शुरु हुए और जो काम शुरु नहीं हुए थे वे भी शुरु कर दिए गए। सीईओ के निर्देश का असर ऐसा दिखा कि पंचायत क्षेत्र में पिछड़े कार्यों ने रफ्तार पकड़ी।

**खास बातें**

- अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर दिए गए निर्देश



### एसडीएम कार्यालय से जारी होती है नोटिस

ग्राम पंचायतों के ऊपर बकाया शासकीय राशि वसूलने के लिए एसडीएम कार्यालय से नोटिस जारी होती है इसके लिए जनपद पंचायत की ओर से शासकीय राशि बकाया वाले ग्राम पंचायतों की सूची अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में भेजी जाती है जहां प्रकरण दर्ज करने के बाद वसूली के लिए नोटिस जारी की जाती है। पंचायत चुनाव के पूर्व एसडीएम कार्यालय के द्वारा ऐसे पंचायतों को नोटिस जारी की गई थी जिनसे राशि की वसूली हुई थी।

## ट्रेलर की चपेट में आने से ग्रामीण व मां व बेटी की मौत

# अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत चक्काजाम, वाहनों की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में घटित अलग अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। नेशनल हाईवे 130 पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर पैदल चल रहे ग्रामीण को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे एनएच पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। वहीं कोरबा-कटघोरा मार्ग दर्री के समीप एक तेज रफ्तार राखड़ लोड ट्रेलर चालक ने स्कूटी सवार मां और बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में मां और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम शुरु कर दिया। जिसकी वजह से मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाइश दी। जिसके बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। पहली घटना बिलासपुर कटघोरा एनएच पर बगदेवा के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने पैदल चल रहे ग्रामीण मिलन दास उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी झोरखीपारा को अपनी चपेट ले लिया। हादसे में ग्रामीण के मौत के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। देखते ही देखते आसपास के लोग घटना स्थल पर एकत्र हो गए और ग्रामीण की मौत के बाद आक्रोशित गांव वालों ने मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम शुरु कर दिया। चक्काजाम की वजह से एनएच के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लगभग 6 किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी रही। सूचना मिलने पर पाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश का प्रयास शुरु किया। इस दौरान ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। लंबी चर्चा के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने चक्काजाम समाप्त किया। जिसके बाद मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरु हुआ। चक्काजाम की वजह से मार्ग पर सफर कर रहे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घंटों तक वाहन चालकों को जमा खुलने का इंतजार करना पड़ा। पाली पुलिस ने मामले में दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही शुरु कर दी है। वहीं मृतक मिलन दास के शव को पीएम के लिए पाली अस्पताल के मरच्युरी में रखवाया गया है। सूत्रों की मानें तो मिलन दास मानसिक रुप से विक्षिप्त था और सुबह से ही अपने घर से गायब था। मिलन दास के परिजन उसे तलाश रहे थे। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस मे उसके गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी गई थी। वहीं दूसरी घटना दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबा-कटघोरा मार्ग पर घटित हुई जहां राखड़ परिवहन में लगे ट्रेलर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 1611 पर सवार मां व बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में चारपारा कोहड़िया निवासी स्कूटी सवार मां रामकुमारी वर्मा और बेटी सत्या वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ट्रेलर के बगल से एक तेज रफ्तार मोटर सायकल निकला और इसके कारण स्कूटी सवार माँ बेटी का वाहन पर संतुलन हो गया। ठीक इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

**खास बातें**

- एनएच 130 पर बगदेवा के समीप तो कोरबा कटघोरा मार्ग पर दर्री के समीप हुआ सड़क हादसा
- चक्काजाम से बिलासपुर-कटघोरा व कोरबा कटघोरा मार्ग पर घंटों रहा आवागमन बाधित



सड़क हादसे के बाद गुस्साएं भीड़ ने किया चक्काजाम।



मृतक का शव (इंसेट में मृतक मिलन दास)।



हादसे मृत मां-बेटी का शव।

### अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना ने बदल दी अभिषेक बबीता की ज़िंदगी

**कोरबा।** सामाजिक सद्भाव, समानता और जाति-पाति के भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में सरकार द्वारा संचालित अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना आज वास्तविक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन रही है। इसी कड़ी में जिले के युवा दम्पत्ति अभिषेक आदिले और बबीता देवांगन की कहानी समाज में नई उम्मीद और सकारात्मक बदलाव का संदेश देती है। कोरबा जिले के आदिले चौक पुरानी बस्ती के निवासी अभिषेक आदिले हैं और जो अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं तथा जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम चोरिया तहसील सारागांव की रहने वाली 20 वर्षीया बबीता देवांगन जो अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से हैं ने सामाजिक बाधाओं को दूर करते हुए अंतर्जातीय विवाह किया। दोनों परिवारों ने इस रिश्ते का सम्मान किया और समाज में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। अंतर्जातीय विवाह करने वाले दम्पत्तियों को प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत इस दम्पत्ति को कुल 2.50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई।

## पूर्वांचल विकास समिति से जुड़े लोग जनसेवा को प्राथमिकता देते आए हैं : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा सरकार और उसके जनप्रतिनिधि निरंतर सेवा कार्यों में संलग्न हैं तथा किसी भी जरूरतमंद को निराश नहीं होने दिया जाएगा। मंत्री बनने के बाद से वे विभिन्न समाजों की मांग के अनुरूप भवन निर्माण एवं विकास कार्यों में लगातार सहयोग कर रहे हैं। पूर्वांचल विकास समिति की मांग पर लगभग 25 लाख रुपये की लागत से बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने पूर्वांचल विकास समिति भवन की सुरक्षा के लिए निर्मित की जाने वाली बाउंड्रीवॉल के भूमिपूजन अवसर पर कही। श्री देवांगन ने कहा कि पूर्वांचल विकास समिति एवं उससे जुड़े लोग सदैव जनसेवा को प्राथमिकता देते आए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अंततः सत्य और सेवा की ही जीत होती है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी 67 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूर्वांचल विकास समिति की अपेक्षाओं की पूर्ति में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि पूर्वांचल के लोग जहां भी गए, उस क्षेत्र को अपनी मेहनत, संस्कार और परिश्रम से समृद्ध किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में निरंतर योगदान देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**खास बात**

- पूर्वांचल विकास समिति भवन की बाउंड्रीवाल का हुआ भूमिपूजन



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री एवं अन्य।

## हसदेव नदी के संरक्षण में नागरिकों को जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव नदी और इसकी सहायक नदियों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत नमामि हसदेव सेवा समिति ने शनिवार को पौष पूर्णिमा के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर भव्य हसदेव आरती का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

हसदेव नदी के संरक्षण और जल स्त्रोतों की सफाई के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रतिमाह की भांति इस बार पौष पूर्णिमा के अवसर पर हसदेव आरती का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में भोजराम देवांगन अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ उपस्थित रहे। इनके साथ ही विशिष्ट यजमान के तौर पर नरेन्द्र कुमार अग्रवाल महामंत्री चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, कोरबा, विमल कुमार जोशी अध्यक्ष, मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति कोरबा, मनीष जैन सचिव जैन मिलन समिति और विद्यानंद पाण्डेय प्राचार्य, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीतामढ़ी ने भी इस पवित्र आयोजन में भाग लिया। मुख्य यजमान भोजराम देवांगन ने कहा कि हसदेव नदी के संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे ताकि आने वाली पीढियाँ इस नदी का भरपूर उपयोग कर सकें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि नदी का पानी शुद्ध और स्वच्छ बने, जिससे क्षेत्र में जल संकट की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा किए गए इस आयोजन से न केवल नदी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैल रही है बल्कि यह नागरिकों को एकजुट करने और जल स्त्रोतों के महत्व को समझाने का भी एक शानदार प्रयास है।



### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SATYENDRA KUMAR PATEL S/O KANWAL SINGH PATEL, HOUSE NO.164, WARD NO. 12, THAKURDIYA PARA, SONTHI, SAKTI -495689, CHHATTISGARH, INDIA. यह शपथ करता हूं कि मैं अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SATYENDRA PATEL S/O KANWAL SINGH PATEL रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SATYENDRA PATEL S/O KANWAL SINGH PATEL से ही जाना पहचाना जावे।

SATYENDRA PATEL
S/O KANWAL SINGH PATEL
HOUSE NO. 164, WARD NO. 12, THAKURDIYA PARA,
SONTHI, SAKTI -495689,
CHHATTISGARH, INDIA.

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का ईलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# अनुपम और रवि 'खोसला का घोसला 2' में साथ करेंगे काम

**मुंबई।** अनुपम खेर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन के साथ एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनुपम ने रवि के साथ अपनी आने वाली फिल्म की घोषणा भी की और साथ ही उनकी जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में अनुपम खेर ने बताया कि रवि किशन अब फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की टीम में शामिल हो गए हैं। अनुपम ने आगे लिखा, 'हमने पहले भी साथ काम किया है, लेकिन इस बार का काम बहुत खास होगा। मैं रवि को एक शानदार अभिनेता, मेहनती सांसद और सबसे ज्यादा एक अच्छे इंसान के रूप में बहुत पसंद करता हूं। वह शांत, विनम्र, दयालु, मदद करने वाले, ईमानदार और भारत से बहुत प्यार करने वाले व्यक्ति हैं।

लाइफ Style

# सारा अर्जुन

## दर्शकों को दिया धुरंधर की सफलता का श्रेय

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर एक्शन फिल्म 'धुरंधर' की मुख्य अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जो उनके सबसे खास धुरंधरों के बारे में है। सारा अर्जुन अपनी फिल्म 'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता का आनंद ले रही हैं।

फिल्म में सारा ने यालिना जमाली का किरदार निभाया है। 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर 759 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। फिल्म की सफलता के बीच सारा ने अपने सबसे खास धुरंधरों के बारे में एक पोस्ट शेयर कर उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक खास नोट लिखा। 'धुरंधर' की शानदार सफलता के बीच, सारा ने इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण नोट लिखकर दर्शकों को अपार प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सारा ने लिखा, 'मेरे सबसे बड़े धुरंधर- दर्शक।' सारा ने आगे लिखा, 'लंबे समय से लोग कहते रहे हैं कि अब दर्शकों के पास लंबी कहानियों को देखने का धैर्य नहीं बचा है। उनका ध्यान जल्दी भटक जाता है और सिनेमा की जगह कम हो गई है। लेकिन आप सबने यह बात गलत साबित कर दिया कि जब लोग किसी चीज पर सच में विश्वास करते हैं, तो दर्शकों की ताकत कितनी बड़ी होती है।' सारा ने आगे लिखा, ''धुरंधर' की यह सफलता पूरी तरह आपकी वजह से है। आपका हर प्यार, आपका हर सपोर्ट इस फिल्म को आगे बढ़ाने में मददगार रहा। इसके लिए मैं जितना भी शुक्रिया कहूं, कम है।



हॉलीवुड मसाला




# ये हैं दुनिया का सबसे अमीर सितारा

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया के सबसे अमीर स्टार्स की बात करें तो टॉम क्रूज, शाहरुख खान जैसे कई और नाम शामिल है। लेकिन आज हम आपको ऐसे स्टार के बारे में बताएंगे जिसमें हॉलीवुड या बॉलीवुड का कोई एक्टर नहीं, बल्कि एक अमेरिकी फिल्ममेकर का नाम है। हम जिस शख्स कि बात कर रहे हैं, वो अमेरिकी फिल्ममेकर जॉर्ज लुकास हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में सिर्फ 6 फिल्में बनाई हैं। लेकिन, वह दुनिया के सबसे अमीर फिल्म सेलिब्रेटी हैं।




# वीक एंड पर आया 'अवतार 3' की कमाई में उछाल

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में बॉलीवुड फिल्में 'धुरंधर' और 'इक्कीस' लगी हुई हैं। इन हिंदी फिल्मों के बीच हॉलीवुड मूवी 'अवतार फायर एंड ऐश' भी भारतीय सिनेमाघरों में सजी है। फिल्म 'अवतार 3' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ क्लब में एंट्री ले चुकी है। यह फिल्म अपनी रिलीज के तीसरे वीक में है। ओपनिंग वीक में इस फिल्म ने 109.5 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे सप्ताह में 50.7 करोड़ रुपएकमाए। शुक्रवार को 'अवतार 3' ने 3.4 करोड़ रुपए कमाए थे। शनिवार को 16वें दिन इसकी कमाई में एक बार फिर मामूली बढ़त दर्ज हुई है। फिल्म ने आज 3.87 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर अभी तक 'अवतार 3' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 167.47 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। जेम्स फ्रांसिस कैमरून की फिल्म 'अवतार 3', 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# रणवीर-राहा की खास तस्वीर से फैंस खुश


**मुंबई।** आलिया भट्ट ने रविवार को अपनी रणबीर कपूर और बेटी राहा कपूर की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। राहा की इस फोटो को देखकर फैंस बेहद खुश हो गए हैं। आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच आलिया ने रविवार को एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। इस तस्वीर को आलिया ने 2026 के स्वागत के साथ शेयर किया है, जिसमें उनके साथ रणबीर और राहा भी नजर आ रहे हैं। आलिया ने इंस्टाग्राम पर नए साल के स्वागत में एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर समंदर किनारे की लग रही है। इस तस्वीर में रणबीर बेटी राहा को हवा में उठाए नजर आ रहे हैं और आलिया उन्हें चीयर करती दिखाई दे रही हैं।



# मम्मी-पापा बनने के बाद शूट पर साथ दिखे

**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने हाल ही में एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। बेटी के जन्म के बाद कियारा अपने पति और एक्टर सिद्धार्थ के साथ पहली बार शूट पर नजर आईं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई 2025 को बेटी का स्वागत किया। उन्होंने नवंबर 2025 में उसका नाम साराया मल्होत्रा रखा। आज सिद्धार्थ और कियारा बेटी के जन्म के बाद फिर से एक साथ शूट पर नजर आए। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक वीडियमीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कियारा और सिद्धार्थ को एक साथ ओबी वैन में जाते देखा गया। कियारा और सिद्धार्थ शायद किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन बेटी के जन्म के बाद दोनों को पहली बार साथ देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं।

टीवी मसाला



# जय- माही ने साझा पोस्ट के जरिए किया अलग होने का ऐलान

**नई दिल्ली।** अभिनेता जय भानुशाली और माही विज की शादी टूट चुकी है। दोनों की राहें जुदा हो गई हैं। आज रविवार को दोनों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसका एलान किया है। तलाक के एलान के बाद माही विज ने एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। माही विज और जय भानुशाली की शादीशुदा जिंदगी में अलगाव की खबरें काफी वक्त से चल रही थीं। रविवार को इन पर मुहर लग गई है। दोनों की राहें अलग हो गई हैं। जय और माही ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अलग होने का ऐलान किया है। साथ ही यह भी कहा है कि वे अपने बच्चों की परवरिश साथ करेंगे। बच्चों के अभिभावक और अच्छे दोस्त बने रहेंगे। तलाक के ऐलान के कुछ देर बाद माही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। माही विज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी फोटोज शेयर की हैं। एक तस्वीर में वे चॉकलेट स्ट्रॉबेरी आइसक्रीम एंजॉय करती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने 'द एक्सपोज रिटर्न' फिल्म का हिमेश रेशमिया का गाना 'आइसक्रीम खाऊंगी' बैकग्राउंड में लगाया है।। इसके अलावा माही ने एक अन्य तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। इसमें वे ब्लैक शॉर्ट्स और फिरोजी कलर का बैकलेस टॉप पहने पोज देती दिख रही हैं। माही विज ने जय से अलग होने के ऐलान से पहले एक अन्य पोस्ट भी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया था। इसमे लिखा था, 'ईश्वर की योजना। मैं यूनिवर्स पर विश्वास करूंगी'। जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी। साल 2017 में कपल ने अपने हाउस हेल्प के बच्चों राजवीर और खुशी को गोद लिया था। इसके दो साल बाद साल 2019 में माही ने बेटी तारा को जन्म दिया। सेपरेशन के एलान के साथ कपल ने यह स्पष्ट किया है कि अपने तीनों बच्चों की खातिर वे साथ रहेंगे।

## सुधा चंद्रन पर माता चढ़ीं, संभालना हुआ मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखने के बाद कोई भी हैरान हो जाएगा। इस वीडियो में सुधा को संभालना बेहद मुश्किल लग रहा है। यह किसी फिल्म या फिर टीवी सीरियल की शूटिंग नहीं है, बल्कि यह वीडियो माता की चौकी के दौरान का है। सुधा की हालत देखकर लग रहा है कि जैसे उन पर माता चढ़ गई है और वह खुद को कंट्रोल नहीं कर पा रही हैं। इस वीडियो में सुधा को सभी शांत करने की कोशिश कर रहे हैं और वहां पर मौजूद सभी के लिए उनको संभालना मुश्किल हो रहा है। एक्ट्रेस सुधा चंद्रन ने नागिन, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कस्तूरी और कहीं किसी रोज जैसे सीरियल में अपने किरदार से घर-घर में जगह बनाई है। वह एक शानदार डांसर हैं। उन्होंने 3 साल की उम्र से ही डांस सीखना शुरू कर दिया था। सुधा चंद्रन ने एक दुर्घटना में अपना पैर खोने के बाद कृत्रिम पैर के सहारे भरतनाट्यम नृत्यांगना और अभिनेत्री के रूप में वापसी की।



# राज, शम्मी और शशि के स्टारडम को आगे ले जाएंगे अगस्त्य नंदा

*__नई दिल्ली।__ अगस्त्य नंदा इन दिनों अपनी फिल्म इक्कीस को लेकर चर्चा में हैं। ये बड़े पर्दे पर उनकी पहली फिल्म है, इसके पहले जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज में वह नजर आए थे, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इक्कीस में अगस्त्य लीड रोल में नजर आने वाले हैं, फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज हो चुकी है। फिल्म में अगस्त्य ने उस युवा ऑफिसर का रोल निभाया है जो 21 साल की उम्र में लड़ते-लड़ते शहीद हो गए थे. अगस्त्य, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती हैं। अगस्त्य की मां श्वेता बच्चन, अमिताभ बच्चन की बेटी हैं। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि उनका राज कपूर के साथ भी रिश्ता हैं।*

## इक्कीस में एक्टिंग देख कर रणबीर से हो रही है तुलना



अगस्त्य नंदा अपने पिता की तरफ से राज कपूर से जुड़े हुए हैं। अगस्त्य के पिता, निखिल नंदा, रितु नंदा के बेटे हैं, जो लीजेंडरी एक्टर-डायरेक्टर राज कपूर की बेटी थीं। इस तरह अगस्त्य राज कपूर के परनाती हैं। यह रिश्ता अगस्त्य और उनकी बहन नव्या को मशहूर कपूर फिल्म परिवार से जोड़ता हैं। राज कपूर से अपने रिश्ते के ज़रिए वह रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर से भी जुड़े हुए हैं। अगस्त्य रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर के कज़िन लगते हैं। इस तरह अगस्त्य कपूर फैमिली और बच्चन फैमिली दोनों से ही जुड़े हुए हैं।

**इक्कीस के बारे में**

इक्कीस सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है, जो देश के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र पाने वाले सैनिक थे। इस फिल्म में अगस्त्य ने अरुण का रोल किया हैं। इसमें धर्मेंद्र ने भी अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी हैं। इस फिल्म के जरिए धर्मेंद्र के फैंस उनकी आखिरी परफॉर्मेंस को देख पाएंगे और इस वजह से भी फिल्म काफी चर्चा में हैं। इक्कीस 1 जनवरी को भारत में 4000 स्क्रीन पर रिलीज हो चुकी है।

# भारत की टॉप 5 फिल्मों में शामिल हुई धुरंधर 800 करोड़ पार पहुंची कमाई



**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने अब एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म की कमाई 800 करोड़ पार पहुंच गई है। इसी के साथ फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारत की टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर दुनियाभर में शानदार कमाई कर रही है। इस फिल्म में सिर्फ 31 दिनों के अंदर ही कई ऐसे रिकॉर्ड बना लिए हैं जिसे तोड़ पाना किसी दूसरी फिल्म के लिए मुश्किल होने वाला है। धुरंधर अपनी रिलीज के बाद से लगातार शानदार कमाई कर रही है। फिल्म के गाने, कहानी और एक्टर्स की परफॉर्मेंस की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। इंडस्ट्री के कुछ दिग्गजों ने आदित्य धर के डायरेक्शन और रणवीर की मेहनत की तारीफ की है। अब फिल्म ने एक और रिकॉर्ड बना लिया है। फिल्म 800 करोड़ पार पहुंच गई है। जियो स्टूडियो ने एक पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी कि फिल्म ने 806.80 करोड़ की कमाई कर ली है। पोस्ट में बताया गया है कि धुरंधर ने अपने पहले हफ्ते में 218 करोड़, दूसरे हफ्ते में सबसे ज्यादा 261.5 करोड़, तीसरे हफ्ते में 188.3 करोड़, चौथे हफ्ते में 115.70 करोड़, 29वें दिन 9.70 करोड़ और 30वें दिन 12.60 करोड़ की कमाई कर अब तक कुल 806.80 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। बता दें, इसी के साथ फिल्म भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 5 फिल्मों में शामिल हो गई है। **Sacnilk** के मुताबिक इस लिस्ट में नंबर 1 पर आमिर खान की दंगल है, दूसरे नंबर पर बाहुबली 2, तीसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, चौथे नंबर पर **RRR** और अब पांचवें नंबर पर धुरंधर ने अपनी जगह बना ली है। आगे आने वाले दिनों में ये फिल्म जबरदस्त कमाई करने वाली है।

## शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3 और महा मुंजा हैं शामिल

# ये हैं मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्में

*__नई दिल्ली।__ मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की कई फिल्में आने वाली हैं, जिनके किरदार आने वाली फिल्मों से एक-दूसरे से जुड़ते जाते हैं। इस लिस्ट में 'शक्ति शालिनी' से लेकर भेड़िया 2 तक कई फिल्में शामिल हैं। मैडॉक फिल्म्स की ज्यादातर फिल्में भारतीय लोककथाओं पर आधारित होती हैं, जिनमें स्त्री, भेड़िया, और मुंजा जैसी फिल्में शामिल हैं। शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3, और महा मुंजा ये सब इसी यूनिवर्स का हिस्सा हैं।*

### शक्ति शालिनी

फिल्म शक्ति शालिनी की घोषणा फिल्म थामा की रिलीज के वक्त की गई थी। यह फिल्म एक सुपरहीरो जैसी महिला किरदार की कहानी बताएगी। फिल्म में मुख्य भूमिका अनीत पड्डा निभाएंगी। यह हॉरर-कॉमेडी के साथ सुपरनैचुरल ताकतों वाली कहानी होगी। यह पहले 31 दिसंबर 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 24 दिसंबर 2026 को रिलीज किया जाएगा।

### चामुंडा

चामुंडा भी मैडॉक्स फिल्म का हिस्सा है। कथित तौर पर यह फिल्म देवी चामुंडा से इंस्पायर्ड लगती है। मुख्य भूमिका में आलिया भट्ट नजर आएंगी। विलेन के रोल में अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसकी कहानी में डार्क हॉरर और मिस्ट्री ज्यादा होगी, और छोटे शहर में आतंक फैलाने वाली सुपरनैचुरल पावर पर फोकस किया जाएगा। यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।



### भेड़िया 2

पहली भेड़िया में वरुण धवन वेयरवुल्फ बनते हैं। भेड़िया 2 में वो कहानी आगे बढ़ेगी। फिल्म में वरुण धवन भास्कर का रोल दोहराएंगे। इसमें हॉरर, कॉमेडी और पहले से ज्यादा एक्शन होगा। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे। यह फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज हो सकती है।

### स्त्री 3

स्त्री और स्त्री 2 के सीक्वल, चंदेरी की रहस्यमयी स्त्री 3 में आगे की कहानी बढ़ेगी। फिल्म में श्रद्धा कपूर के अलावा राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ सकते हैं। इस बार सरकटा और 'स्त्री' के रहस्य पर ज्यादा फोकस किया जाएगा, यानी कि इस बार हॉरर-कॉमेडी का मजा दोगुना होगा। यह फिल्म 13 अगस्त 2027 को रिलीज हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### मुकेश को मिली निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसायकल



**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के विभिन्न विभागों अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों को ज्यादा से ज्यादा लाभांवित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय योजना से तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम कांसा निवासी मुकेश प्रसाद बरेठ जो दोनों पैरों से 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग है, उन्हें लाभान्वित किया गया है। मुकेश प्रसाद बरेठ को मोटराइज्ड ट्राइसायकल मिलने से अब वे आसानी से अपना सिलाई का कार्य कर पा रहे हैं और स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भरता के साथ समाज की मुख्य धारा से जुड़कर बेहतर जीवन यापन कर रहे हैं। मुकेश ने बताया कि सिलाई दुकान उनके घर से लगभग 6-7 किलोमीटर दूर है इसलिए सिलाई दुकान तक पहुंचने के लिए उन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था और दूसरों पर निर्भर भी रहना पड़ता था। मोटराईज्ड ट्रायसायकल के माध्यम से सिलाई दुकान आने जाने में आसानी होगी एवं रोजमर्रा के कार्यों को आसानी से कर सकेंगे।

### अपमान जनक बयान के विरोध में जिला साहू संघ ने सौंपा ज्ञापन



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के खिलाफ अपमान जनक बयान दिए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री पर कार्रवाई की मांग को लेकर साहू संघ सक्ती के जिलाध्यक्ष डॉ खिलावन साहू के नेतृत्व में जिला तहसील परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू संघ ने पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से अपने आपत्तिजनक बयान को वापस लेकर साहू समाज से माफी मांगने की बात कही है। उनका कहना है कि माफी नहीं मांगने पर जिला साहू संघ द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती धनेश्वरी साहू, जिला कोषाध्यक्ष पुरन लाल साहू, तहसील साहू संघ सक्ती के अध्यक्ष प्रकाश साहू, सचिव चेतन साहू, तहसील सरंक्षक तुलसी साहू, युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक लोकेश साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मेम कुमार साहू, डोडकी परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेंद्र साहू, सक्ती नगर अध्यक्ष योगेश साहू, उपाध्यक्ष राम अवतार साहू, कोषाध्यक्ष राजेंद्र साहू, आकाश साहू, नगरदा परिक्षेत्र अध्यक्ष गोविंदा साहू, उपाध्यक्ष नेत्रा प्रसाद साहू, सचिव सिया राम साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## निधन

### श्रीमती अरुणलता जैन



**जांजगीर-नैला।** नगर की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती अरुणलता जैन का 80 वर्ष की आयु में 5 जनवरी को निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेंद्र कुमार जैन की धर्मपत्नी थी। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान अटल चौक ( बीटीआई) के पास से मारवाड़ी मुक्तिधाम नैला के लिए 6 जनवरी को निकलेगी। वे प्रेयांश वर्धन जैन की माता थी ।

### रामलाल साहू



**बिर्रा।** ग्राम पंचायत करही के प्रतिष्ठित नागरिक रामलाल साहू का रविवार 4 जनवरी को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। वे अपने पीछे तीन पुत्रों एवं एक पुत्री से भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र डॉ बसंत कुमार साहू ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा रिश्तेदार और ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा का मामला

# परीक्षा सिर पर, विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी से 282 बच्चों के भविष्य खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रही है। यहां जैसे तैसे पढ़ाई की औपचारिकता निभाई जा रही है। प्राचार्य के अनुसार यहां भौतिक, हिंदी, संस्कृत, राजनीति और इतिहास विषय के विशेषज्ञ शिक्षक नहीं है। इधर परीक्षा सिर के ऊपर होने से बच्चों का भविष्य अंधकार मय लग रहा है। यहां अध्ययनरत 282 बच्चों को पढ़ाई नहीं होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने पानी की तरह पैसे बहाया जा रहा है ताकि गरीब एवं असहाय परिवार के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके, लेकिन विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में यह सब खोखला साबित हो रही है। यहां पिछले कई सालों से शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई नहीं हो रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक 282 बच्चे पढ़ाई कर रहे है। यहां पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी से पढ़ाई नहीं होने से छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा विकासखंड जैजैपुर में भौतिक, हिंदी, संस्कृत, राजनीति और इतिहास विषय की विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के कारण उनके बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रही है। यहां जैसे तैसे भगवान भरोसे पढ़ाई की औपचारिकता निभाई जा रही है। इधर परीक्षा सिर के ऊपर होने से वे अपने भविष्य के प्रति चिंतित नजर आ रहे है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में अध्यनरत 282 बच्चों को पढ़ाई नहीं होने के कारण मानसिक रूप से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार शिक्षा विभाग के अधिकारी घिवरा स्कूल में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना को लेकर ध्यान नहीं दे रहे है। विदित हो कि दूसरे शहरों में दूर जाकर गरीब बच्चे पढ़ाई नहीं कर सकते हैं। गांव में ही विद्यालय खुल जाने से गरीब परिवार के बच्चों में आस जगी थी कि गांव में ही रहकर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल स्तर का शिक्षा मिल सके, लेकिन यहां मापदण्ड के अनुरुप बच्चों की पढ़ाई लिखाई नहीं हो पा रही है। गांव के गरीब परिवार के बच्चे उनके आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहने से दूसरे शहरों में जाकर पढ़ाई करने में असमर्थ हैं। उच्च परिवार के बच्चे दूसरों शहरों में जाकर पढ़ाई कर रहे हैं, लिहाजा गांव में पढ़ने वाले गरीब परिवार के बच्चों को अपने विद्यालय में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई नहीं होने से बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई नहीं होने से बेवजह बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों की मानें तो बोर्ड परीक्षा के लिए अब सिर्फ डेढ़ माह का ही समय शेष बचा है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई पूरी कैसे होगी समझ नहीं आ रहा है।

**युक्तियुक्तकरण में किए थे उम्मीद**

इस वर्ष युक्तियुक्तकरण में विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना हो जाएगा, ऐसा सोचकर उच्च कार्यालय को पत्राचार नहीं किया हूं।

-लक्ष्मी नारायण,
डड़सेना प्राचार्य
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा



# डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए दवा का सेवन : केडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम कटनई के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर एवं ग्राम पंचायत कटनई के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम कटनई के सरपंच रेशम लाल मार्बल, उपसरपंच सुरेखा बाई कश्यप, चंद्रिका कश्यप, नरेश कश्यप एवं शिवकुमार कश्यप की उपस्थिति में हुआ।

- **शिविर में 236 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण व 120 लोगों के बीपी शुगर एवं रक्त समूह का किया गया परीक्षण**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेशम लाल मार्बल ने कहा कि गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य शिविर का लाभ लें। अपोलो हॉस्पिटल से आए हुए चिकित्सक डॉ सुनील केडिया ने कहा कि हमें नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाने के साथ डॉक्टर की सलाह पर ही दवाई का सेवन करना चाहिए। शरीर में किसी प्रकार की समस्या आने पर डॉक्टर से स्वास्थ्य का परीक्षण करवाने के साथ अपने खान-पान में विशेष ध्यान देना चाहिए। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल से आए हुए डॉ अमित वर्मा, डॉ प्रेरणा मोहन डॉ पी.पी.मिश्रा, डॉ. इंदिरा मिश्रा डॉ.रश्मि शर्मा डॉ. शांभवी , डॉ. दिवाकर कुमार, डॉ.शीला कुमारी, डॉ मनोज राय डॉ. संध्या चंदेल , डॉ. जिग्नेश पंड्या, डॉ सुनील थवाईत, डॉ. गौरीशंकर असाटी, डॉ आशीष जायसवाल, डॉ. अनिल यादव डॉ. राहुल जैन, डॉ प्रकृति यदु, डॉ. राजकुमार, डॉ शीतेंदु पटेल, डॉ._विक्रम साहू, डॉ सुनील केडिया, डॉ. अभिषेक कौशले द्वारा 236 मरीजो के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया, स्वास्थ्य शिविर में 120 लोगों के बीपी शुगर एवं रक्त समूह का परीक्षण किया गया। शिविर का संचालन चिराग शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन दीपक साहू ने किया।

## सारागांव में नवधा रामायण शुरु, मानस गायन करने दूर-दूर से पहुंचेगी मंडली

**देवरी-सारागांव।** नगर पंचायत सारागांव में सार्वजनिक संकट मोचन नवधा रामायण समिति द्वारा 4 जनवरी रविवार को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ आचार्य पंडित धीरज पाण्डेय सारागांव वाले द्वारा अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ कराया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। आयोजन समिति द्वारा मानस गायन प्रतियोगिता रखी गई है, जिसमें शास्त्रीय/भजन संगीत में प्रथम पुरस्कार 11000 रुपये, द्वितीय 7100 रुपये, तृतीय 5100 रुपये, चतुर्थ 3100 रुपये, पंचम 2100 रुपये, फिल्मी संगीत में प्रथम पुरस्कार 11000 रूपये, द्वितीय 7100 रुपये, तृतीय 5100 रुपये, चतुर्थ 3100 रुपये, पंचम 2100 रुपये, लोक संगीत में प्रथम पुरस्कार 11000 रूपये, द्वितीय 7100 रुपये, तृतीय 5100 रूपये, चतुर्थ 3100 रुपये, पंचम 2100 रुपये एवं सर्वश्रेष्ठ तबला वादक को 1100 रूपये एवं बेस्ट दो टीकाकार को 1100 - 1100 रुपये का इनाम दिया जाएगा। पुरस्कार वितरण 16 जनवरी को होगा। कथा विश्राम 13 जनवरी एवं 14 जनवरी को हवन, सहस्त्रधार, चढ़ौती एवं ब्राह्मण भोज का आयोजन होगा।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे डॉ चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्षता डॉ काशी प्रसाद राठौर प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, विशिष्ट अतिथि ठा गुलजार सिंह नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि, छबिलाल सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर पंचायत सारागांव, दिलेश्वर राठौर उपाध्यक्ष नगर पंचायत सारागांव, देवी सिंह राठौर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सारागांव,भुवन भास्कर यादव भाजपा उपाध्यक्ष शक्ति, पवन कुमार राठौर क्षत्रिय राठौर समाज प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़ उपस्थित रहेंगे। नवधा रामायण समिति ने मानस गायन प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# पुलिस संग मिलकर नशाखोरों को सबक सिखाएंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

ग्राम पंचायत चंडीपारा की चंडी महिलाशक्ति संगठन ने ग्राम सरपंच के साथ अवैध कच्ची शराब बिक्री के बारे में पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय को जानकारी दी थी। एसपी ने गंभीरता से लेते हुए गांव पहुंचकर महिला कमांडो टीम चंडीपारा थाना पामगढ़ का गठन किया।

- **पुलिस अधीक्षक ने चंडीपारा में महिला कमांडो का किया गठन**



पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के साथ उपस्थित महिला कमांडों टीम।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने मंच से कहा कि ग्राम पंचायत चंडीपारा की महिलाओं का संगठन और एकता को देखकर प्रभावित हूं। महिलाओं के सम्मान की रक्षा और नशामुक्त समाज बनाने के लिए पुलिस वचनबद्ध है। महिलाओं ने स्वयं आगे बढ़कर पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कदम बढ़ाने का फैसला किया है और ग्राम में बिकने वाले अवैध जहरीले शराब से छुटकारा दिलाने के लिए संकल्प लिया है। श्री पांडेय ने कहा कि अवैध कच्ची शराब के सभी विक्रेताओं पर कार्यवाही करने के लिए नवनियुक्त थाना प्रभारी पामगढ़ के सावन कुमार सारथी को आदेश जारी कर दिया है। क्षेत्रों में मुहिम चलाकर अवैध शराब विक्रेताओं पर तत्काल कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजें। फोन पर महिलाओं के द्वारा कोई भी शिकायत या सहायता मांगे जाने पर पुलिस टीम भेज त्वरित मदद करें। साथ ही अवैध शराब विक्रेताओं को गैरकानूनी काम छोड़ रोजगार देने की बात कही। ग्राम पंचायत चंडीपारा के प्रांगण में इतनी भारी संख्या में महिलाओं का पहुंचना ये बताता है कि गांव और समाज के दूषित माहौल को निडर और साहसी नारीशक्ति ही बदलेंगी जिसमें पुलिस उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। 50 से अधिक महिला कमांडो को टोपी और सीटी दिया गया। आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. हेमंत कश्यप ने शराब पीने से शरीर में होने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। कार्यक्रम को आम आदमी पार्टी प्रदेशाध्यक्षा श्रीमती मिथिलेश बघेल, आम आदमी पार्टी जिला महासचिव विनय गुप्ता, जनपद सदस्य श्रीमती किरण खांडे, चंडी महिला समिति प्रमुख पंचबाई डहरिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन ग्राम पंचायत चंडीपारा के सरपंच तोषित रात्रे ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चंडीपारा सचिव उमेंद दिनकर, राहुल राय, डॉ चैतरामदेव खटकर समेत पंचगण श्रीमती अनुसुइया रात्रे, श्रीमती सावित्री महंत, झींगा रात्रे , हेमलता सोनी, सत्या खांडेकर, धनबई कश्यप, सुखमति यादव, चंद्रिका सिदार, शांति टंडन, लक्ष्मीन सिदार, शीला खन्ना, सुनीता दिवाकर, अनीता मिरी, मालती अंचल, सुशीला खरे, कीर्तन खरे, सुखिन, हेमलता साहू, उत्तरा कश्यप, एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 120 ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल जांजगीर में डॉ. गौरीशंकर कश्यप की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने किया।

विधायक श्री कश्यप ने कहा कि डॉक्टर लोकेंद्र कश्यप अपने ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करते रहे हैं। पत्रकारगण भी इसी समाज का अभिन्न अंग है जो की समाज की भलाई के लिए हमेशा कार्यरत रहते हैं, इसलिए आज का यह स्वास्थ्य शिविर पत्रकारगण एवं उनके परिजनों के लिए आयोजित किया गया। सभी पत्रकार साथी स्वस्थ रहें। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, वेब मीडिया के पत्रकारों ने सपरिवार पहुंचकर लाभ उठाया। इस अवसर पर पार्षद अरमान खान, राधे थवाईत, कृष्णा, पंकज यादव, आर्यन सिंह, परमेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं आमजन उपस्थित रहे। संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल जांजगीर के संचालक डॉ लोकेन्द्र कश्यप ने बताया की इस मेगा हेल्थ कैंप में आने वाले लोगों को विभिन्न प्रकार की जांच की गई। इस कैंप में चिकित्सक डॉ. लोकेंद्र कश्यप मेडिसिन विशेषज्ञ, वसुंधरा कश्यप सीनियर डेंटल सर्जन, डॉ. निकिता सिंह जनरल फिजिशियन, जानू चश्मा घर के स्टाफ सहित संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के स्टाफ उपस्थित रहे। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 25 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई वही 30 से ज्यादा लोगों का ईसीजी किया गया, वही 65 लोगो का ब्लड प्रेशर, शुगर, सहित अन्य प्रकार की जांच की गई।



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम तुस्मा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। जय मां लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह के तत्वाधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई।

रामायण पाठ,भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ देवतहा तालाब से जल भरकर कलश यात्रा पुनः कथा स्थल पहुंची। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कथा स्थल पर विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात कलश यात्रा की शुरुआत की गई। यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण किए हुए चल रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। यात्रा के दौरान रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया,जिससे पूरे गांव में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करती हुई देवतहा तालाब डोंगिया पहुंची। भजन-कीर्तन की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। तालाब परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात पवित्र जल भरकर कलश यात्रा पुनः कथा स्थल के लिए रवाना हुई। जैसे ही यात्रा कथा स्थल पहुंची,वहां भी विशेष पूजा संपन्न कर कलशों की स्थापना की गई। आयोजकों ने सभी ग्राम वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

# नर सेवा ही नारायण सेवा, मानव सेवा के लिए करते रहेंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्व. चंद्रिका राठौर के जन्मदिवस पर महाकाली संगठन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन वृद्धा आश्रम एवं मानसिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय खोखरा मां मनका दाई मंदिर प्रांगण में किया गया।

- **वृद्धा आश्रम एवं मानसिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन**



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं महाकाली संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।

कार्यक्रम में प्रमुख अभ्यागत के रूप में उपस्थित राठौर क्षत्रिय समाज के प्रदेश संयोजक केदार राठौर ने कहा यह पुनीत कार्य प्रेरणादाई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन के संरक्षक सनत राठौर ने कहा कि चंद्रिका गुरुजी के दिखाए हुए सद्मार्ग पर चलकर जीवन जीने की एक प्रयास है। नर सेवा ही नारायण सेवा है इसी भाव पर यह जीवन समर्पित है और मानव सेवा का कार्य करते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि रितेश राठौर ने भी संबोधित किया। महाकाली संगठन के संस्थापक एवं संगठन प्रमुख डॉ सार्थक राठौर ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। प्रत्येक व्यक्ति का सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, लिपीड प्रोफाइल, आरबीएस, सीरम कैल्शियम, सीनियर यूरिक एसिड, सीनियर इलेक्ट्रोलाइट और एचबीए1सी रक्त जांच किया गया। प्रमुख रूप से साईं पैथो लैब के संचालक मनोज बरेठ एवं पैथोलॉजी से प्रदीप साहू का विशेष सहभागिता रही। साथ ही चिकित्सकीय जांच के लिए प्रमुख रूप से महाकाली संगठन के संस्थापक एवं संगठन प्रमुख डॉ. सार्थक राठौर (मेडिसिन विभाग), डॉ. पारुल राठौर (जनरल फिजिशियन), डॉ. समीक्षा राठौर (आयुर्वेद एवं पंचकर्म विशेषज्ञ,केरल) ने अपनी सेवा दी। साथ ही बुजुर्गों को शाल एवं बच्चों को स्टडी कीट वितरण के साथ सभी को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में खोखरा के सरपंच अजय राठौर, अखिलेश राठौर, पुरुषोत्तम राठौर, राजेश्वर तिवारी, राजेश राठौर, विवेक राठौर, शरद राठौर, शुभम राठौर एवं व्यवस्थापक में संगठन के प्रदेश महामंत्री शक्ति साहू, प्रदेश प्रभारी सोशल मीडिया प्रथम राठौर, जिलाध्यक्ष लेखराम देवांगन, युगल केडिया, सागर सिंघानिया, देवेंद्र देवांगन, पारस राठौर, सिद्धार्थ राठौर, सीमांक राठौर, मुकेश कौशिक, संकल्प राठौर निखिल यादव, आशीष राठौर, बिट्टू राठौर, वैभव, आराध्य, सूर्यांश, अवि राठौर, लक्ष्मी साहू और भी सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में व्याख्याता अवधेश राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

